जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

25 मई 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के अरब सांस्कृतिक केंद्र के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "OKAZ-2023"का आयोजन**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के भारत-अरब सांस्कृतिक केंद्र ने 22 मई 2023 को अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव **"OKAZ-2023"** का आयोजन किया। केंद्र की सब्जेक्ट एसोसिएशन ने केंद्र के सम्मेलन कक्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष के वार्षिक समारोह में संस्कृति विषय के तहत छात्रों के बीच प्रतियोगिता के रूप में सुलेख, पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी और अरबी परिधानों की प्रदर्शनी शामिल रही। केंद्र के छात्रों और शोधार्थियों के अलावा विभिन्न केंद्रों और विश्वविद्यालय के विभागों के छात्रों ने उत्सव में भाग लिया। प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार के साथ ही कुछ विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए।

केंद्र के मानद निदेशक प्रो. नासिर रज़ा खान, ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ने संस्कृति पर जोर दिया जो विभिन्न समाजों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जो पहचान और संस्कृति द्वारा चलती है, पहचान की एक खास विशेषता बन गई है। केंद्र के सब्जेक्ट एसोसिएशन के सलाहकार डॉ. आफताब अहमद ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के महत्व को इसके नाम **"OKAZ"** से दर्शाया गया है जो एक ऐसा शब्द है जो पुरानी अरब संस्कृति और सभ्यता को परिभाषित करता है।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता दो अलग-अलग विषयों 'पर्यावरण बचाओ' और इस्लामिक कैलीग्राफी पर आयोजित की गई थी, जिसमें विश्वविद्यालय के कई विभागों/केंद्रों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों से बात करते हुए, प्रो नासिर रज़ा खान ने पर्यावरण जागरूकता और परिसर को ज़्यादा से ज़्यादा साफ-सुथरा रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में मदद करने के लिए अद्भुत पोस्टर मेकिंग. के लिए छात्रों का आभार व्यक्त किया।

प्रो. एच. ए. नाज़मी, प्रो. शाहिद जमाल अंसारी, पश्चिम एशियाई अध्ययन केंद्र से डॉ. अतीकुर रहमान और आईएसीसी से डॉ. अहसान रज़ा ने भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की। अंतिम सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन भी किया गया जिसमें निवर्तमान छात्रों ने अपने अनुभव व्यक्त किए और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में, सब्जेक्ट एसोसिएशन के सलाहकार डॉ. आफताब अहमद ने उत्सव के सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों और योगदान की सराहना की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया